एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बुधनी जिला सीहोर की ओर से सूचना-

मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग
कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, सहसचिव
मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी के अन्तर्गत

मध्यप्रदेश शासन

विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में
कक्षा 6वीं में
प्रवेश सूचना

आवेदन की प्रारंभ तिथि : 10.01.2026 | वर्ष 2026-27 | आवेदन की अंतिम तिथि : 10.02.2026

विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में सीट संख्या

विद्यालय का प्रकार	कक्षा 6वीं		
	बालक	बालिका	योग
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय	1775	1800	3575
माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर	0	4550	4550
आदर्श आवासीय विद्यालय	280	0	280
योग	2055	6350	8405

नोट :- उपरोक्त सीट संख्या में कमी अथवा वृद्धि हो सकती है।

प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

क्र.	परीक्षा का विवरण	दिनांक	समय
1	ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि	10.01.2026	प्रात: 11:00 बजे से
2	ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	10.02.2026	सायं 05:00 बजे तक
3	प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि	15.02.2026	प्रात: 10:00 बजे से परीक्षा तक
4	परीक्षा की तिथि एवं समय	22.02.2026	प्रात: 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक

परीक्षा केन्द्र : जिला/विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालय।

आवेदन प्रक्रिया : -

- कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वह बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी वेबसाइट https://www.mpsos.nic.in पर "स्टूडेंट कॉर्नर" के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध चयन हेतु पात्र होंगे।
- उल्लेखित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा, विस्तृत गाइडलाइन एवं विद्यालयों की सूची तथा रिक्त सीटों के विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.mpsos.nic.in पर "स्टूडेंट कॉर्नर" में उपलब्ध है।

भविष्य में योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त करने के लिए समस्त विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट **https://www.tribal.mp.gov.in** पर हितग्राही प्रोफाइल में रजिस्ट्रेशन करें।

आयुक्त, जनजातीय कार्य, सहसचिव, मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी (एमपीसरस) भोपाल

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

जनसंपर्क\2025

विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 जनवरी 2026 (प्रातः 11:00 बजे) से प्रारंभ होकर 10 फरवरी 2026 (सायं 5:00 बजे) तक चलेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी https://www.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

राज्य के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 8405 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें बालक वर्ग के लिए 2055 सीटें तथा बालिका वर्ग के लिए 6350 सीटें निर्धारित हैं।

प्रवेश हेतु प्रवेश-पत्र 15 फरवरी 2026 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा केंद्र जिला/विकासखंड मुख्यालय पर निर्धारित विद्यालय होंगे।

यह प्रवेश प्रक्रिया अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित विशेष पिछड़ी जनजाति, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदाय के पात्र विद्यार्थियों हेतु है। प्रवेश परीक्षा, मेरिट सूची, काउंसलिंग तथा विद्यालय चयन संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.mpsos.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी एवं विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी https://www.tribal.mp.gov.in पर विद्यार्थी पोर्टल में पंजीयन कर सकते हैं।

हेल्प लाइन नंबर

+919782808548 / +917068666435